**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Request to establish a stadium in Arrahi, Pratapgarh.

**श्री संगम लाल गुप्ता** (**प्रतापगढ़**): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय । मैं आपके माध्यम से माननीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्री, भारत सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं । मेरे लोक सभा क्षेत्र प्रतापगढ़ में जनपद मुख्यालय से लेकर ग्रामीण अंचलों तक वास्तविक रूप से किसी बड़े स्टेडियम का निर्माण नहीं हो सका है, जहां प्रॉपर तरीके से युवाओं को उनकी प्रतिभाओं का विकास करने का अवसर प्राप्त हो सके । मेरे क्षेत्र में विधान सभा रामपुर खास की नगर पंचायत लालगंज के सन्निकट असरही गांव में भारत सरकार के युवा खेल मंत्रालय द्वारा स्थापित किए जाने वाले बड़े स्टेडियम के लिहाज से पर्याप्त भूमि उपलब्ध है । उसे खेल-कूद एवं मैदान के लिए स्टेडियम के रूप में परिवर्तित विकसित कर दिया जाए तो छिपी ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाने में वह उपयोगी साबित होगा।

अत: मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के खेल-कूद एवं युवा कल्याण मंत्रालय से मांग करता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र प्रतापगढ़ के तहसील लालगंज के अंतर्गत ग्राम असरही में एक बड़े स्टेडियम का निर्माण स्वीकृत किए जाने की कृपा करें । बहुत-बहुत धन्यवाद ।